# सचिवालय

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर (म.प्र.)

### राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

सत्यमेव जयते

**संतोष सोहगौरा**
सदस्य–सचिव
संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

ई–मेल : tolic.sagar@dhsgsu.edu.in
दूरभाष : 07582-297118
नराकास कोड : 247
मोबाइल नं. : 9479398600

क्र.: नराकास, सागर / 2025 / हि.वि./52

दिनांक 22 अक्टूबर, 2025

प्रतिष्ठा में,

**समस्त सम्मानीय कार्यालय प्रमुख**
**सदस्य कार्यालय**
**नराकास, सागर (म.प्र.)**

**अतिआवश्यक**

**विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक हेतु आपके कार्यालय की हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित छमाही प्रगति रिपोर्ट (अप्रैल से सितम्बर, 2025) उपलब्ध करवाने के संबंध में।**

**संदर्भ : क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य),भोपाल का पत्र क्रमांक14/04/25/क्षे.का.का.भोपाल/नराकास/सागर/247/म.क्षे./1985 दिनांक 13 अक्टूबर, 2025 (संलग्न)।**

**दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं**

महोदय/महोदया,

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक नराकास, सागर के अध्यक्ष एवं डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के माननीय कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर की अध्यक्षता में आगामी माह नवम्बर -2025 में प्रस्तावित है।

उक्त बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे।

अत: नराकास, सागर के समस्त कार्यालय प्रमुखों/सदस्यगणों से अनुरोध है कि उक्त बैठक के आयोजन के पूर्व अपने कार्यालय की विगत छमाही (अप्रैल 2025 से सितम्बर, 2025) की हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित छमाही प्रगति रिपोर्ट दिनांक 30 अक्टूबर 2025 तक नराकास, सागर के अधिकृत **ई-मेल tolic.sagar@dhsgsu.edu.in** पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का अनुरोध है।

भवदीय,

(संतोष सोहगौरा)

**प्रतिलिपि**- सूचनार्थ

1. मान. अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं कुलपति, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र)।
2. श्री अनिल कुमार, उप सचिव (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल (म.प्र.)।
4. श्री अजय कुमार झा, उप निदेशक (राजभाषा), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
5. श्री मंथा श्रीनिवासु, संयुक्त सचिव (राजभाषा), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6. समस्त कार्यालयाध्यक्ष, सदस्य कार्यालय, नराकास, सागर।
7. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर – कृपया नराकास सागर के वेबपेज पर अपलोड करने हेतु।
8. कुलसचिव के निजी सहायक, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)।
9. मान. कुलपति जी के निज सचिव, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) ।
10. गार्ड फाइल।

**'हिंदी में पत्राचार हो, हिंदी में हर व्यवहार हो, बोलचाल में हिंदी ही अभिव्यक्ति का आधार हो।'**

भारत सरकार / Govt. of India

गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs,

राजभाषा विभाग / Department of Official Language

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य), भोपाल

Regional Implementation Office (Central), Bhopal

52-ए, निर्माण सदन, कमरा नं. 206, द्वितीय तल, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462 011 (मध्य प्रदेश)

52-A, Nirman Sadan, Room No.206, Second Floor, Arera Hills, Bhopal – 462 011 (Madhya Pradesh)

दूरभाष / Telephone 0755 - 298 5862 ईमेल / Email – ddimplbho-mp@nic.in

14/04/25/क्षे.का.का.भोपाल/नराकास/सागर/247/म.क्षे./ 1985

दिनांक : 13 अक्टूबर, 2025

सेवा में,

माननीय कुलपति महोदय,
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय एवं अध्यक्ष, नराकास सागर,
विश्वविद्यालय मार्ग, सागर - 470 003 (मध्यप्रदेश)

**विषय :- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन।**

**आदरणीय महोदय,**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा आपकी **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति** की बैठक का कैलेण्डर **माह "जून / नवम्बर"** निर्धारित किया गया है।

आपकी नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की **वर्ष 2025-26** की **द्वितीय बैठक माह "नवम्बर - 2025"** में आयोजित की जानी है। अनुरोध है कि संबंधित बैठक की तिथि निर्धारित कर सूचना लिखित रूप में / ई मेल के माध्यम से **इस कार्यालय सहित** सभी सदस्य कार्यालयों को भी बैठक की तिथि से **कम से कम 15 दिन पूर्व** भिजवाना सुनिश्चित किया जाए। उल्लेखनीय है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करवाने हेतु **महामहिम राष्ट्रपति महोदया** एवं **माननीय संसदीय राजभाषा समिति, नई दिल्ली** के स्पष्ट निर्देश हैं। साथ ही, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कैलेण्डर माह के अनुसार बैठक आयोजित करवाई जाएं।

अतः अनुरोध है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, **सागर** की बैठक माह **"नवम्बर - 2025"** में आयोजित करवाने की कृपा करें और बैठक की **समाप्ति के 15 दिनों के अंदर** कार्यसूची, कार्यवृत्त एवं **उपस्थित एवं अनुपस्थित सदस्य कार्यालयों** की सूची ऑन लाइन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से अपलोड करवाई जाएं।

सादर !...

भ वदीय,

13/10/2025

( नरेन्द्र सिंह मेहरा )
उप निदेशक (कार्यान्वयन)
एवं कार्यालयाध्यक्ष
दूरभाष : 9911216373

क्र./No. 2141
22/10/25